The Integrated Annual Report 2025-26 of the Company along with Notice of the AGM is available on the website of the Company at https://gfl.co.in/Annual_Reports.php and on the websites of the Stock Exchanges viz. www.bseindia.com and www.nseindia.com. A copy of the same is also available on the website of the National Securities Depository Limited ('NSDL') at www.evoting.nsdl.com.

**Remote e-voting:**

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Act read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of Listing Regulations, and MCA Circulars, the Company is providing facility of remote e-voting to its Members in respect of the business to be transacted at the AGM and for this purpose, it has appointed NSDL to facilitate voting through electronic means. Accordingly, the facility of casting votes by a Member using remote e-Voting system before the AGM as well as remote e-Voting during the AGM will be provided by NSDL. The voting rights of the Members shall be in proportion to their share of the paid-up equity share capital of the Company as on **17th September, 2026** ("cut-off date").

The detailed instructions for remote e-Voting are given in the Notes to the Notice of the AGM. Members are requested to note the following:

a. The remote e-Voting facility would be available during the following period:

| | |
|---|---|
| EVEN | 141612 |
| Commencement of remote e-voting | Monday, 21st September, 2026 at 9:00 A.M. (IST) |
| End of remote e-voting | Wednesday, 23rd September, 2026 at 5:00 P.M. (IST) |

The remote e-Voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter and Members will not be allowed to vote electronically beyond the said date and time.

b. The voting rights of the Members shall be in proportion to their share of the paid-up Equity Share Capital of the Company as on **Thursday, 17th September, 2026** ('cut-off date'). The facility of remote e-Voting shall also be made available during the Meeting and shall be disabled 15 minutes after the conclusion of the Meeting. Members attending the Meeting, who have not already cast their vote by remote e-Voting shall be able to exercise their right to vote during the Meeting. Once the vote on a resolution is cast by the Member, the same shall not be allowed to be changed subsequently. A person whose name is recorded in the Register of Members/Register of Beneficial Owners as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-Voting before/during the AGM. Members who have cast their vote by remote e-Voting prior to the Meeting may attend the Meeting electronically but shall not be entitled to vote on such resolution(s) again.

c. A non-individual Shareholder or Shareholder holding securities in physical mode and who becomes a Member of the Company after the despatch of the Notice and holds shares as on the cut-off date, may obtain the User ID and password for remote e-Voting by sending a request at evoting@nsdl.co.in. However, if the Member is already registered with NSDL for remote e-Voting, then he/she can use his/her existing User ID and password for casting the vote.

d. Individual Shareholders holding securities in demat mode and who acquires shares of the Company and becomes a Member of the Company after despatch of the Notice and holds shares as on the cut-off date may follow the login process mentioned at point 15 of the Notes to the Notice of the AGM. Members can also login by using the existing login credentials of the demat account held through DPs registered with NSDL or Central Depository Services (India) Limited ("CDSL") for remote e-Voting facility.

Mr. Niraj Trivedi, Partner of M/s TNT & Associates, Practicing Company Secretaries, Vadodara has been appointed as the Scrutiniser to scrutinise the remote e-Voting process before/during the AGM in a fair and transparent manner.

In case of any queries/grievances pertaining to remote e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-Voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on: 022 – 4886 7000 and 022 – 2499 7000 or send a request to Ms. Pallavi Mhatre at evoting@nsdl.co.in.

**Dividend and Record Date:**

Members may note that the Board of Directors of the Company at its Meeting held on 26th May, 2026 had recommended a Final Dividend ₹ 3.00 per Equity Share having face value of ₹ 1 each. The Final Dividend, if approved, by the Shareholders in the ensuing AGM, will be paid to those Members whose names appear on the Register of Members of the Company as on **Record Date (cut-off date) 17th September, 2026** in respect of Shares held in physical form and to those beneficial owners of shares (BENPOS) received from NSDL and CDSL, in respect of shares held in demat Form.

**For Gujarat Fluorochemicals Limited**
**Sd/-**
**Bhavin Desai**
**Company Secretary**
**FCS 7952**

**Date: 27th August, 2026**
**Place: Vadodara**

## For Your Information

**Smartphones' share in India's total goods exports (%)**



- 2018–19: 0.49%
- 2019–20: 1.22%
- 2020–21: 1.06%
- 2021–22: 1.13%
- 2022–23: 2.43%
- 2023–24: 3.56%
- 2024–25: 5.51%

(TII, MoC&I)

Compiled by Nafanuksan Research

## अमृत वचन



भाई का अपमान मत कीजिए। भाई बगावत पर उतर आया तो आपके साम्राज्य की नींव उजड़ते वक्त नहीं लगेगा। भाई-भाई मिल जाएं तो दशानन का भी दहन किया जा सकता है।

- श्री चन्द्रप्रभ

## Thoughts of the time

Winner work hard to win, loser's find and excuse to lose! stop giving excuses!

- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**घैर कांम, कूडै विसरांम**

**घर पर काम, कुएं पर विश्राम**

- कामचोर व्यक्ति के लिए जो काम के बहाने केवल मुंह छिपाता रहे।
- जो निठल्ला व्यक्ति हाथ के काम को छोड़कर अदृष्ट काम की जिम्मेवारी लेने की उत्सुकता दिखलाये।

*–स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## बाजार

| Index/Commodity | LTP | Chg. (points) |
|---|---|---|
| BSE Sensex | 76933.59 | -539.35 |
| NSE Nifty | 24090.85 | -116.9 |
| Gold(MCX,Rs/10gm) | 158516 | -1147 |
| Silver(MCX,Rs/kg) | 239221 | -417 |
| US Dollar(in Rs.) | 95.498 | 0.103 |
| Gold($/ounce) | 4,646.91 | -5.85 |
| Silver($/ounce) | 68.195 | 0.164 |
| Crude Oil($/barrel) | 82.37 | 0.14 |
| London Brent Crude($/barrel) | 87.18 | 0.24 |
| Copper($/Ton) | 14,249.63 | -7.35 |
| Aluminium($/Ton) | 3,227.00 | 1.75 |
| Zinc($/Ton) | 3,897.10 | 12.55 |
| Nickel($/Ton) | 16,822.63 | -38.75 |
| Bitcoin($) | 79,399.20 | 1,059.70 |
| GIFT NIFTY | 24,269.00 | 67.5 |

Rates as of 6 pm on 27 Aug 2026

## शुक्रवार के चौघड़िए

सम्वत् 2083 श्रावण शुक्ल पूर्णिमा
राहुकाल : प्रात: 10:30 से 12:00 बजे तक
सूर्योदय: 6.04 बजे और सूर्यास्त : 6.51 बजे

| | |
|---|---|
| 06:04 AM to 07:40 AM | चर |
| 07:40 AM to 09:16 AM | लाभ |
| 09:16 AM to 10:52 AM | अमृत |
| 10:52 AM to 12:28 PM | काल |
| 12:28 PM to 02:04 PM | शुभ |
| 02:04 PM to 03:40 PM | रोग |
| 03:40 PM to 05:16 PM | उद्वेग |
| 05:16 PM to 06:51 PM | चर |
| 06:51 PM to 08:16 PM | रोग |
| 08:16 PM to 09:40 PM | काल |
| 09:40 PM to 11:04 PM | लाभ |


# राजस्थान में टूरिज्म का नया रिकॉर्ड
## 6 महीने में 10.92 करोड़ टूरिस्ट विजिट्स

**जयपुर@नफा नुकसान रिसर्च**

राजस्थान में टूरिज्म सेक्टर ने वर्ष 2026 की पहली छमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। जनवरी से जून के बीच प्रदेश में कुल 10.92 करोड़ टूरिस्ट विजिट्स दर्ज की गईं। इनमें 10.84 करोड़ डोमेस्टिक और 8.45 लाख फॉरेन टूरिस्ट विजिट्स शामिल हैं।

आंकड़ों से पता चलता है कि राजस्थान में टूरिज्म की सबसे बड़ी ताकत अब भी डोमेस्टिक टूरिस्ट हैं, जबकि फॉरेन टूरिस्ट के लिए जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और जैसलमेर प्रमुख पसंद बने हुए हैं। डोमेस्टिक टूरिज्म के मामले में सीकर ने इस बार बड़ा बदलाव दिखाया है। जनवरी से जून के दौरान सीकर में 1.56 करोड़ डोमेस्टिक टूरिस्ट विजिट्स दर्ज हुईं और जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। इसके बाद चित्तौड़गढ़ में 1.34 करोड़, जैसलमेर में 1.18 करोड़, अजमेर में 99.28 लाख और जयपुर में 81.49 लाख डोमेस्टिक टूरिस्ट विजिट्स दर्ज की गईं। करौली, सवाई माधोपुर, सिरोही, उदयपुर और चूरू भी डोमेस्टिक टूरिस्ट के प्रमुख केंद्र रहे। फॉरेन टूरिस्ट के मामले में जयपुर सबसे आगे रहा। छह महीनों में यहां 2.56 लाख फॉरेन टूरिस्ट विजिट्स दर्ज हुई। उदयपुर 1.84 लाख के साथ दूसरे और जोधपुर 82,846 के साथ तीसरे स्थान पर रहा। जैसलमेर में 66,433 फॉरेन टूरिस्ट विजिट्स दर्ज हुईं। सवाई माधोपुर, अजमेर, दौसा, पाली, झुंझुनूं और बीकानेर भी फॉरेन टूरिस्ट को आकर्षित करने वाले प्रमुख जिले रहे। टूरिज्म के इन आंकड़ों में एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि फॉरेन टूरिस्ट की रुचि अब केवल राजस्थान के बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। दौसा और झुंझुनूं जैसे जिलों ने भी फॉरेन टूरिस्ट के बीच अपनी पहचान बनाई है। झुंझुनूं में शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियां टूरिस्ट को आकर्षित कर रही हैं। इससे प्रदेश के छोटे शहरों और जिलों में टूरिज्म कारोबार बढ़ने की संभावना मजबूत हुई है। हाड़ौती क्षेत्र में भी टूरिज्म गतिविधियों में अच्छी तेजी दिखाई दी। कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ में जनवरी से जून के दौरान 24 लाख से अधिक टूरिस्ट विजिट्स दर्ज की गईं। इस क्षेत्र में फरवरी सबसे अच्छा महीना रहा, जब 5.14 लाख से अधिक टूरिस्ट विजिट्स हुई। जनवरी में 4.23 लाख और मार्च में 4.12 लाख टूरिस्ट विजिट्स दर्ज हुई। राजस्थान के लिए अब अगली चुनौती केवल टूरिस्ट विजिट्स बढ़ाना नहीं, बल्कि टूरिस्ट का ठहराव और खर्च बढ़ाना है। यदि डोमेस्टिक और फॉरेन टूरिस्ट को जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और जैसलमेर के साथ छोटे शहरों, धार्मिक स्थलों, वन्यजीव क्षेत्रों और ऐतिहासिक स्थानों तक पहुंचाया जाता है, तो टूरिज्म से होटल, परिवहन, हस्तशिल्प, स्थानीय बाजार और रोजगार को और बड़ा फायदा मिल सकता है। 10.92 करोड़ टूरिस्ट विजिट्स का आंकड़ा राजस्थान में बढ़ते टूरिज्म कारोबार का मजबूत संकेत है और आने वाले समय में छोटे टूरिज्म सेंटर की भूमिका और मजबूत हो सकती है।

### फॉरेन टूरिस्ट के मामले में जयपुर रहा सबसे आगे




## ब्रीफ न्यूज

### फोर्टी वुमन विंग ने किया टॉक शो 'बिहाइंड हर सक्सेस' का आयोजन



**जयपुर@का.सं.।** फोर्टी वुमन विंग की ओर से एक निजी होटल में टॉक शो 'बिहाइंड हर सक्सेस' का आयोजन किया गया इसमें जयपुर उन शीर्ष वुमन एंटरप्रेन्योर्स से फोर्टी वुमन विंग की प्रेसिडेंट नीलम मित्तल ने संवाद किया, जिन्होंने अपनी लगन, मेहनत और संघर्ष के बाद बिजनेस वेंचर में सफलता और समाज में प्रतिष्ठा हासिल की। इनमें ब्यूटी एक्सपर्ट कुलसुम मलिक, ज्वेलरी मैन्युफैक्चरर अनीता ढींगरा, ब्लू पॉटरी एक्सपर्ट लीला बोरडिया, फैशन एजुकेशनिस्ट अर्चना सुराणा शामिल थीं। नीलम मित्तल ने बताया कि हम किसी भी व्यक्ति की सफलता में उसके सामने चमक देखते हैं, लेकिन उसके पीछे के संघर्ष की जानकारी नहीं होती, खासकर महिलाओं को आज भी समाज में पुरुषों से ज्यादा चुनौती का सामना करना पड़ता है, इस कार्यक्रम के पीछे हमारा मकसद था कि जो भी जेन-जी , लड़कियां, महिला उद्यमी जो अलग अलग सेक्टर में आगे बढ़ना चाहती हैं, उन्हें कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक तौर पर तैयार किया जाए। इसमें कुलसुम मलिक ने कहा कि छोटी सफलता हासिल कर रुकना नहीं है, हर दिन कुछ ना कुछ नया करो। लीला बोरडिया ने कहा कि फेल्योर से मत घबराइए, जितनी भी बड़ी सक्सेज हैं, वे सभी शुरुआती असफलता के बाद आई हैं। अर्चना सुराणा ने कहा कि लड़कियों को सक्सेज के लिए लड़का जैसा बनने की जरूरत नहीं है, लड़की होकर भी हर सेक्टर में कामयाबी हासिल कर सकती हो। अनीता धींगरा ने कहा कि शिक्षित बनो और बड़ा सोचो, शिक्षा से ज्ञान आता है और ज्ञान से सोच बड़ी होती है। कार्यक्रम का संचालन फोर्टी वुमन विंग की वाइस प्रेसिडेंट डॉ अदिति खंडेलवाल ने किया। इसमें फोर्टी वुमन विंग की सदस्यों के साथ जयपुर की सभी प्रमुख महिला उद्यमियों ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 1439 किलोग्राम काजू किया सीज

**बीकानेर@नि.सं.।** रक्षाबंधन के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले में 1439 किलोग्राम काजू सीज किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि जयपुर से आए केन्द्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित शर्मा तथा जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण कुमार वर्मा तथा भानू प्रताप सिंह गहलोत ने बीछवाल क्षेत्र स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में मैसर्स वीआरएल लॉजिस्टिक के गोदाम में प्राप्ति ब्रांड के काजू लेबल में कमी होने के कारण नमूना लेने के पश्चात सीज किया। उक्त काजू मैसर्स गोपी किशन सुरेश कुमार द्वारा मंगवाया गया था।

## एस.के.फाइनेंस ने चैनल पार्टनर्स को दिया साइबर सिक्योरिटी का विशेष उपहार



**जयपुर@का.सं.।** भारत की अग्रणी नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी एस.के. फाइनेंस लिमिटेड ने देशभर में जुड़े अपने करीब 10,000 से ज्यादा डायरेक्ट सेलिंग एजेंट्स और चैनल पार्टनर्स को रक्षाबंधन पर साइबर सिक्योरिटी का विशेष उपहार दिया है।

कंपनी ने प्रत्येक पार्टनर को डिजिटल फ्रॉड से होने वाले आर्थिक नुकसान के लिए 50,000 तक का नि:शुल्क साइबर इंश्योरेंस कवर प्रदान किया है। इस पहल के तहत कुल 50 करोड़ तक का साइबर इंश्योरेंस कवर उपलब्ध कराया गया है। पॉलिसी की अवधि एक वर्ष है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट माध्यमों से होने वाले फ्रॉड या अनधिकृत लेन-देन से जुड़े नुकसान को कवर किया गया है। कार्यक्रम में रविंद्र सिंह तंवर, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, साइबर सेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसी दिशा में एस. के. फाइनेंस लगातार जागरूकता और सुरक्षा से जुड़े कदम उठा रही है। एस.के.फाइनेंस के होल टाइम डायरेक्टर यश सेतिया ने कहा कि रक्षाबंधन सुरक्षा और भरोसे के रिश्ते का त्योहार है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए हमने अपने चैनल पार्टनर्स को साइबर सुरक्षा का यह विशेष उपहार दिया है।



## इंडियन कंपनियों के अधिग्रहण सौदे 2016-17 से दोगुने, एक-तिहाई के अपेक्षित नतीजे नहीं : क्रिसिल

**मुंबई@एजेंसी।** भारतीय कंपनियों द्वारा किए गए अधिग्रहण सौदों की संख्या वित्त वर्ष 2016-17 के मुकाबले दोगुने से अधिक हो गई है, लेकिन करीब एक-तिहाई सौदे अपेक्षित परिणाम दे पाने में नाकाम रहे। क्रिसिल ने यह जानकारी दी।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के प्रबंध निदेशक सुबोध राय ने कहा कि भारतीय कंपनियां वृद्धि की रफ्तार तेज करने, बाजार पहुंच बढ़ाने और नई क्षमताएं हासिल करने समेत विभिन्न कारणों से अधिग्रहण सौदे करती हैं। यह विश्लेषण रिपोर्ट 20 क्षेत्रों में 500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य वाले 600 सौदों पर आधारित है। इसमें वित्तीय सेवाओं एवं ढांचागत क्षेत्रों के सौदों के साथ विदेशी कंपनियों के अधिग्रहण और निजी इक्विटी कोषों की अगुवाई वाले सौदों को शामिल नहीं किया गया है। दवा एवं स्वास्थ्य सेवा, उद्यम प्रौद्योगिकी, एआई और उपभोक्ता कारोबार से जुड़ी कंपनियां प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और बौद्धिक संपदा से जुड़ी कमियां दूर करने के लिए अधिग्रहण कर रही हैं। वहीं, सीमेंट और धातु जैसे क्षेत्रों में एकीकरण तथा नई परियोजनाएं तैयार करने में लगने वाले समय को चार-छह साल से घटाकर एक-तीन साल करने जैसे कारण प्रमुख हैं। क्रिसिल ने अधिग्रहण सौदों का उनके नतीजों के आधार पर भी आकलन किया। कर्ज से वित्तपोषित 100 बड़े सौदों की समीक्षा में करीब दो-तिहाई सौदे ही मोटे तौर पर उसकी उम्मीदों पर खरे उतरे। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिग्रहण के बाद कंपनियों के सामने एकीकरण की चुनौती सबसे बड़ी समस्या है।

कंपनियों के सामने नियामकीय देरी और सीमा-पार सौदों के क्रियान्वयन से जुड़ी दिक्कतें भी आती हैं। क्रिसिल के उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि अधिग्रहण से अधिकांश मामलों में कंपनियों की साख पर स्थिर या सकारात्मक असर पड़ा है। करीब तीन-चौथाई कंपनियों की रेटिंग अधिग्रहण के बाद बरकरार रही या उनमें सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि अधिग्रहण करने वाली करीब 60 प्रतिशत कंपनियों ने दो साल के भीतर तय योजना के अनुरूप या उससे पहले ही अपना कर्ज घटा दिया।

## अदालत ने पुरानी मोटरसाइकिल को कबाड़ में बदलने के मामले में मुआवजे की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली@एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्धारित उपयोग अवधि पूरी कर चुकी मोटरसाइकिल को कथित तौर पर अनुचित तरीके से जब्त कर कबाड़ में बदलने के लिए शहर के प्रशासन को एक करोड़ रुपये से अधिक मुआवजे का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली एक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने एकल न्यायाधीश के राहत देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती देने वाली वाहन मालिक की अपील को खारिज कर दिया।

## एनआरआई जमा पहली तिमाही में 23.2% घटकर 2.77 बिलियन डॉलर : आरबीआई

**मुंबई@एजेंसी।** प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की जमा राशि वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 23.2 प्रतिशत घटकर 2.77 अरब डॉलर रह गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एनआरआई जमा वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 3.61 अरब डॉलर थी। हालांकि नई जमा राशि में कमी आई है, लेकिन जून, 2026 के अंत में कुल बकाया एनआरआई जमा राशि बढ़कर 168.50 अरब डॉलर हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 168.32 अरब डॉलर थी। इसमें एनआरओ और एफसीएनआर(बी) जमा की प्रमुख भूमिका रही। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर(बी) जमा में प्रवाह दोगुने से अधिक बढ़कर 1.73 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ाने और देश की बाह्य स्थिति मजबूत करने के लिए जून में हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में विशेष एफसीएनआर(बी) सुविधा शुरू की थी। इसके तहत मुद्रा जोखिम से बचाव यानी करेंसी हेजिंग की लागत भी केंद्रीय बैंक ने वहन करने का प्रावधान किया था।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड खेतडी**
**E-Mail: xenphed.khetri@gmail.com & eekhetri.jhu.phed@rajasthan.gov.in**
क्रमांक:एफ ( ) निविदा/2026-27/2504-2511 दिनांक:- 19/08/2026

**E-NOTICE INVITING BID No. 22-24/2026-27**

Bids for various works in Rural Sub Division Khetri, District Jhunjhunu, estimated Cost Rs. 25.84, 16.95 and 16.10 lacs are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 31.08.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and http://www.eproc.rajasthan.gov.in.

| S.N. | NIB No. | NIB ref no | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | 22/2026-27 | PHE2627A2292 | PHE2627WSOB04586 |
| 2 | 23/2026-27 | PHE2627A2292 | PHE2627WSOB04587 |
| 3 | 24/2026-27 | PHE2627A2292 | PHE2627WSOB04588 |

(Sunil Kumar)
Executive Engineer,
PHED, Division Khetri.
DIPR/C/15410/2026

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण, जयपुर जी-9/सी, कबीर मार्ग, बनीपार्क, जयपुर**
E-mai ID-sewdse.jaipur@rajasthan.gov.in
**क्रमांक :** -2026-27/696-703 **दिनांक :** 25.08.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या- 02/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जिला जयपुर में स्वीकृत परियोजनाओं (ब्लॉक किशनगढ़ रेनवाल, माधोराजपुरा, बस्सी, जमवारामगढ़ एवं तुंगा) में उत्पादन गतिविधि मद के अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न सामग्री मेंजर (पशु ठाण) आपूर्ति के लिए Manufacture/direct importers/Authorized Dealer से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 25.08.2026 प्रात: 10.00 से दिनांक 01.09.2026 को सांय 06:00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाएं दिनांक 02.09.2026 को सुबह 11:00 बजे कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा का विस्तृत विवरण "https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in" एवं विभागीय वेबसाईट "www.watershed.gov.in" पर देखा जा सकता है। इस निविदा के कार्य ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित है तथा उक्त क्षेत्र में आचार संहिता लागू नहीं है। तथा निविदा प्रक्रिया/निविदा विज्ञपति के प्रकाशन पर आचार संहिता के दृष्टिगत कोई प्रतिबंध लागू नहीं होता है।

**NIB CODE:-** WSC2627A1104
**UBN NO:-** 1. WSC2627GLOB02002 2. WSC2627GLOB02004 3. WSC2627GLOB02006 4. WSC2627GLOB02007 5. WSC2627GLOB02008

(बजरंग सहाय मीना)
अधीक्षण अभियन्ता,
जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण जयपुर
DIPR/C/15436/2026

**PODDAR PIGMENTS**

**पोद्दार पिगमेंट्स लिमिटेड**

**सीआईएन : L24117RJ1991PLC006307**
**पंजीकृत कार्यालय : ई-10-11 एवं एफ-14 से 16, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर, (राजस्थान) - 302022, दूरभाष नंबर : 0141-2770202/03**
**ई-मेल पता : com.sec@poddarpigmentsltd.com, वेबसाइट का पता : www.poddarpigmentsltd.com**

**35वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और रिमोट ई-वोटिंग और बुक क्लोजर के बारे में जानकारी**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की 35वीं वार्षिक आम बैठक (''एजीएम'') सोमवार, 21 सितम्बर, 2026 को प्रात: 11:00 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग (''वीसी'')/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (''ओएवीएम'') द्वारा आयोजित की जायेगी जो कि कंपनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') के प्रावधानों व संबंधित नियमों और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और खुलासा आवश्यकताएं) नियम, 2015 के नियमों एवं कंपनी मामलात मंत्रालय द्वारा जारी आम परिपत्र संख्या 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 02/2022, 10/2022, 09/2023, 09/2024 एवं 03/2025 जो क्रमश: दिनांक 8 अप्रेल, 2020, दिनांक 13 अप्रेल, 2020, दिनांक 5 मई, 2020, दिनांक 13 जनवरी, 2021, दिनांक 8 दिसंबर, 2021, दिनांक 5 मई, 2022, दिनांक 28 दिसंबर, 2022, दिनांक 25 सितंबर, 2023, दिनांक 19 सितंबर, 2024 एवं दिनांक 22 सितंबर, 2025 (''एमसीए परिपत्रों'') को जारी किये गये थे व भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4, परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 एवं SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 जो क्रमश: दिनांक 12 मई, 2020, दिनांक 15 जनवरी, 2021, दिनांक 13 मई, 2022, दिनांक 5 जनवरी, 2023, दिनांक 7 अक्टूबर, 2023 एवं दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 (''सेबी परिपत्रों'') को जारी किये गये थे, के अनुपालन में है।

एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी गई है जिनके ई-मेल पते कंपनी के आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं, जब तक कि किसी सदस्य ने इसकी भौतिक प्रति के लिए अनुरोध नहीं किया हो। इसके अलावा, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 (''एलओडीआर विनियम'') के विनियम 36 (1) (बी) के अनुसार, जहां कंपनी के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना तक पहुंचने के लिए पूर्ण विवरण सटीक पथ सहित वेब-लिंक वाला एक पत्र, उन सभी सदस्यों को भेजा गया है जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है। एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.poddarpigmentsltd.com, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (''सीडीएसएल'') की वेबसाइट https://www.evotingindia.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों (बीएसई लिमिटेड : www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड : www.nseindia.com पर उपलब्ध है जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार 15 सितंबर, 2026 से सोमवार 21 सितंबर, 2026 (दोनों दिन शामिल है) तक बंद रहेंगी।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के अनुपालन में उक्त एजीएम में किए जाने वाले सभी व्यवसाय पर रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट देने के लिए सदस्यों को वोट देने की सुविधा प्रदान की जाती है जिसके लिए कंपनी ने सीडीएसएल की सेवाएं ली हैं।

सदस्यों के वोटिंग अधिकार रिमोट ई-वोटिंग या बैठक के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग के लिए सोमवार, 14 सितंबर, 2026 (कट-ऑफ दिनांक) को कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे।

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 को सुबह 9 बजे (आईएसटी) से शुरू होकर रविवार, 20 सितंबर, 2026 को शाम 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि और समय के बाद सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा और एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद सदस्य को बाद में इसे बदलने या फिर से वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया, एजीएम में शामिल होने और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के विस्तृत निर्देश/तरीके एजीएम के नोटिस में दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा।

एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है, वे बैठक के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करने के हकदार होंगे। जो सदस्य पहले ही रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल चुके हैं, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे एजीएम के दौरान दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि यानी 14 सितंबर, 2026 को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने व एजीएम के दौरान ई-वोटिंग का हकदार होगा। कोई भी सदस्य जो कट-ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से लेना चाहिए।

यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया बैठक के नोटिस में भी दी गई है जो कंपनी की वेबसाइट और सीडीएसएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यदि सदस्य पहले से ही सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है, तो मौजूदा लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालने के लिए किया जा सकता है।

सदस्य, जिन्होंने कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, कृपया 2025-26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण प्राप्त करने के लिए ईमेल आईडी के पंजीकरण के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें :

| | |
|---|---|
| **भौतिक शेयर धारक** | कृपया https://web.in.mpms.mufg.com/EmailReg/Email_Register.html लिंक पर जायें और उसमें निर्देशित ई-मेल आईडी को अपडेट करने की प्रक्रिया का पालन करें। जो सदस्य कंपनी की 35वीं एजीएम की सूचना भेजने के बाद अपना ईमेल पता अपडेट करता है या जो 35वीं एजीएम की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है, वह आरटीए से ई-मेल के जरिए इस एजीएम के लिए ई-वोटिंग करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ नोटिस की प्रति की सॉफ्ट कॉपी और रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया जारी करने का अनुरोध कर सकता है। किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य आरटीए को investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर एक ई-मेल भेज सकता है। |
| **डीमैट शेयर धारक** | कृपया अपने डीपी से संपर्क करें व डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपने डीमैट खाते में अपना ई-मेल पता पंजीकृत करायें। |

कंपनी ने एफसीएस अक्षित कुमार जांगिड़ (सदस्यता संख्या 11285), पार्टनर मैसर्स पिंचा एंड कंपनी, कंपनी सचिव, को 35वीं एजीएम में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया सहित ई-वोटिंग का संचालन करने के लिए एक स्क्रूटीनाइजर के रूप में नियुक्त किया है।

स्क्रूटीनाइजर की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.poddarpigmentsltd.com और सीडीएसएल की वेबसाइट (www.evotingindia.com) पर अध्यक्ष या अधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद उपलब्ध कराये जायेंगे।

एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग से संबंधित विवरण के लिए, कृपया एजीएम की सूचना देखें। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में, कृपया www.evotingindia.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग मैनुअल देखें या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क करें या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजें। रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा से जुड़ी शिकायतों के मामले में, कृपया श्री राकेश दलवी, एवीपी, ('सीडीएसएल') सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई -400013, से संपर्क करें या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर कॉल करें।

कंपनी के निदेशक मंडल ने 15 मई, 2026 को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 10 रुपये फेसवेल्यू के प्रत्येक शेयर पर 4 रुपये के लाभांश की सिफारिश की है जो आगामी 35वीं एजीएम में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

यदि 35वीं एजीएम में मंजूरी मिल जाती है, तो कंपनी ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सदस्यों की लाभांश की पात्रता निर्धारित करने के लिए सोमवार, 14 सितंबर, 2026 को 'रिकॉर्ड तिथि' के रूप में तय किया है। बोर्ड द्वारा अनुशंसित लाभांश, यदि वार्षिक आम बैठक में अनुमोदित किया जाता है, तो उन सदस्यों को 20 अक्टूबर, 2026 को या उससे पहले भुगतान किया जाएगा:

(i) जिनका नाम इस उद्देश्य के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रस्तुत लाभकारी मालिकों की सूची में सोमवार, 14 सितंबर, 2026 को लाभकारी मालिकों के रूप में दिखाई देता है; और

(ii) जिसका नाम कंपनी या उसके रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) अर्थात मैसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास वैध ट्रांसमिशन या ट्रांसपोजिशन अनुरोधों को प्रभावी करने के बाद सोमवार, 14 सितंबर, 2026 को या उससे पहले कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में सदस्यों के रूप में दिखाई देता है।

**निदेशक मंडल के आदेश से**
**पोद्दार पिगमेंट्स लिमिटेड**

**एसडी/-**
**राजीव कुमार**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
ACS No. : 33990

**स्थान :** जयपुर
**दिनांक :** 27 अगस्त, 2026